महत्वपूर्ण/शीर्ष प्राथमिकता

संख्या-125/68-5-2020

प्रेषक,

रेणुका कुमार,
अपर मुख्य सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश।

बेसिक शिक्षा अनुभाग-5 लखनऊः दिनाकः 12 फरवरी, 2020

विषयः **स्टूडेण्ट एसेसमेण्ट टेस्ट (SAT-1)का रिपोर्ट कार्ड बच्चों/अभिभावकों एवं विद्यालय का रिपोर्ट कार्ड प्रधानाध्यापकों को उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासनादेश संख्या 813/68-5-2019 दिनांक 11 सितम्बर 2019 एवं तत्सम्बन्धी राज्य परियोजना कार्यालय से समय-समय पर प्रेषित किये गये दिशा-निर्देशों का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित प्राथमिक विद्यालय, उच्च प्राथमिक विद्यालय एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के छात्र-छात्राओं में लर्निंग आऊटकम्स का विषयवार उपलब्धि स्तर ज्ञात करने हेतु मूल्यांकन/परीक्षाएं आयोजित कराने के सम्बन्ध में निर्देश प्रेषित किया गया है।

2- इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि परीक्षा के परिणामों से अवगत कराने हेतु सभी बच्चों एवं विद्यालयों को रिपोर्ट कार्ड उपलब्ध कराये जाने के संबंध में निम्नवत कार्यवाही सुनिश्चित की जाये:-

1. दिनांक 08 नवम्बर 2019 को आयोजित स्टूडेण्ट एसेसमेण्ट टेस्ट (SAT-1) की परीक्षा में जिन बच्चों द्वारा प्रतिभागिता की गयी है, उन सभी बच्चों को अच्छी गुणवत्ता का रंगीन रिपोर्ट कार्ड प्रिन्ट कराकर दिया जाये। उक्त रिपोर्ट कार्ड प्रेरणा पोर्टल (www.preranaup.in) से डाउनलोड किया जाये, जिसका प्रारूप संलग्न है।
2. प्रत्येक विद्यालय का रिपोर्ट कार्ड प्रिन्ट कराया जाये तथा विद्यालय का रिपोर्ट कार्ड विद्यालय के सूचना पट्ट पर प्रदर्शित किया जाये। उक्त रिपोर्ट कार्ड प्रेरणा पोर्टल (www.preranaup.in)से डाउनलोड किया जाये, जिसका प्रारूप संलग्न है।

Search easily on www.bhartiyashasanadesh.org
http://shasanadesh.up.gov.in/go/intra/UserMenu.aspx

3. विद्यालय पर आहूत की जाने वाली आगामी पीटी.एम. में अभिभावकों के साथ बच्चों की प्रगति को साझा किया जाये तथा बच्चों की शैक्षिक प्रगति में अभिभावकों से सहयोग प्राप्त करने हेतु अनुरोध किया जाये।

4. सहयोगात्मक पर्यवेक्षण के दौरान एकेडमिक रिसोर्स परसन (ARP) द्वारा विद्यालयों के रिपोर्ट कार्ड का अवलोकन किया जायेगा।

5. SAT-1 में जो लर्निंग आउटकम नहीं प्राप्त हो सके हैं, उन्हें आगामी परीक्षा SAT-2 में प्राप्त करने हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाये।

6. बच्चों में कक्षा के अनुरूप प्रगति न होने की दशा में उन बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए राज्य परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा द्वारा रिमीडियल टीचिंग माडयूल (ध्यानाकर्षण) विकसित करके अध्यापकों को यथाशीध्र प्रेषित किया जा रहा है और कक्षा-कक्ष में विभिन्न शिक्षक पद्धतियों के लिए मैनुअल के रूप में टीचिंग कम्पेन्डियम (शिक्षण संग्रह) एवं प्राथमिक कक्षाओं के लिये आधारशिला माड्यूल तैयार कर शिक्षकों को उपलब्ध कराया जा रहा है। इन माड्यूल्स में दी गई गतिविधियों को शिक्षकों द्वारा विद्यालय की आवश्यकता के आधार पर कक्षा-कक्षों में शिक्षण प्रक्रिया हेतु क्रियान्वित किया जाये।

7. मुद्रण हेतु प्रति रिपोर्ट कार्ड रु0 2/- की धनराशि राज्य परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा के माध्यम से जनपदों को प्रेषित की जायेगी।

8. रिपोर्ट कार्ड की प्रिन्टिंग एवं वितरण का कार्य विकासखण्ड स्तर पर खण्ड शिक्षा अधिकारी के माध्यम से सम्पन्न किया जायेगा।

9. विद्यालय रिपोर्ट कार्ड मुद्रण के उपरान्त खण्ड शिक्षा अधिकारी के हस्ताक्षर से प्रधानाध्यापक को एवं बच्चों का रिपोर्ट कार्ड प्रधानाध्यापक के हस्ताक्षर से बच्चों को उपलब्ध कराया जायेगा।

10. स्टूडेण्ट एसेसमेण्ट टेस्ट प्रत्येक त्रैमास पर आयोजित किया जायेगा, जिसके सम्बन्ध में राज्य परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा द्वारा यथावश्यक निर्देश एवं धनराशि जनपद को प्रेषित की जायेगी।

उपर्युक्त कार्य समयबद्ध एवं अत्यन्त महत्वपूर्ण है, अतः निर्देशों का समयबद्ध एवम् कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाये।

संलग्नकः उक्तवत।

भवदीया

रेणुका कुमार
अपर मुख्य सचिव।

Search easily on www.bhartiyashasanadesh.org
https://basiceducation.up.gov.in/go/internal/userMenu.aspx

संख्या एवं दिनांक तदैव।

प्रतिलिपि-निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः

1- मण्डलायुक्त, समस्त मण्डल, उत्तर प्रदेश।
2- महानिदेशक, स्कूल शिक्षा, उत्तर प्रदेश।
3- राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा, उ0प्र0, लखनऊ।
4- जिलाधिकारी, समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश।
5- मुख्य विकास अधिकारी, समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश।
6- निदेशक, बेसिक शिक्षा निदेशालय, लखनऊ, उ0प्र0।
7- निदेशक, राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, लखनऊ, उ0प्र0 ।
8- सचिव, बेसिक शिक्षा परिषद, प्रयागराज।
9- सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक), समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश।
10- खण्ड शिक्षा अधिकारी, समस्त विकासखण्ड, उत्तर प्रदेश।
11- गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

उमेश कुमार तिवारी
उप सचिव।

Search easily on www.bhartiyashashanadesh.org
http://shasanadesh.up.gov.in/go/intra/UserMenu.aspx